तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 29 अगस्त 2025

12 बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, मेधावी...



12 कोण्डागांव में 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा ...





## खबर संक्षेप

### 9 वर्षीय बालिका की पानी में डूबने से हो गई मौत



**दरभा।** डबरी पानी में 9 वर्षीय बालिका के डूबने से बुधवार को मौत हो गई। बालिका की पहचान केशापुर निवासी सोनसिंह कश्यप की पुत्री के रूप में हुई है। वह घर से कुछ ही दूरी पर नहाने डबरी में गई हुई थी। डबरी मे उसका पैर फिसल गया और वह गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई। जिसके बाद परिवार वाले मृतिका को खोजने लगे, आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बालिका साक्षी को पानी से बाहर निकाला, शेष पेज 12 पर

## बेटी की शादी के लिए घर में रखी नकद राशि एवं ज्वेलरी बाढ़ में बहे

## एनएच 63 में किनारे से सौ मीटर तक क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर समेत पेड़ व कई बिजली के खंभे गिरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम

- तुमनार में बारिश से भारी तबाही, बाढ़ की ऐसी तीव्रता की बोर के अंदर से पंप खींचकर बहा ले गई
- घरों के साथ ट्रैक्टर मिक्स्चर मशीन रोटा वेटर मशीन बहे

क्षेत्र में हुई भारी बारिश से गीदम ब्लॉक के तुमनार गांव में भारी तबाही मच गई है। तुमनार गांव में यहां स्थित नदी का जलस्तर मंगलवार की शाम इतना बढ़ गया कि सड़क में बाढ़ आ गई और देखते ही देखते बाढ़ ने यहां बाजार पारा में तबाही मचा दी। यहां के रहवासियों ने जब बाढ़ की स्थिति देखी तो तुरंत सब अपनी जान बचाने के लिए घर से दूर चले गए। बताया जा रहा है कि यहां से गुजरने वाली नदी का अचानक से जलस्तर बढ़ा और शाम करीब 5 बजे से इस रहवासी ईलाके में बाढ़ आ गई जो करीब 10 से 12 घण्टे तक रही। इस इलाके में बाढ़ इतनी खौफनाक बताई जा रही है कि यहां एक किसान का खड़ा ट्रैक्टर पानी में बह गया। घर से दूर जाकर एक पेड़ के पास पलट गया, वही शेष पेज 12 पर





### तुमनार गांव पहुंचे मंत्री केदार

जिले में बाढ़ से आई त्रासदी का जायजा लेने बुधवार को जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप तुमनार गांव पहुंचे। पीड़ितों से मुलाकात करते हुए उन्हें हर सम्भव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान विधायक चैतराम अटामी, जिपं अध्यक्ष नंदलाल मुडामी समेत क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर, जिपं सीईओ व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## केके लाइन में ट्रेनों के निरस्त होने से यात्रियों की बढ़ी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- भारी बारिश से कावडगांव-डाबपाल के बीच रेल ट्रैक बहने से केके रेल बाधित

पिछले तीन दिनों तक बस्तर अंचल के अधिकांश क्षेत्रों में भारी बारिश का प्रभाव रहा। इसका ज्यादा असर सड़क और रेल यातायात पर पड़ा है। दक्षिण व मध्य बस्तर के अनेक जगहों में पुलिया व सड़क बहने के साथ किरन्दुल-कोत्तवालसा रेल लाइन के कावडगांव-डाबपाल के मध्य रेल ट्रैक बहने से पिछले 48 घण्टो से बाधित है। बताया जा रहा है,कि आने वाले दो-चार दिनों तक रेल लाइन बाधित रहने के संकेत है।




घटना स्थल पर देखने से रेल पटरी लक्ष्मण झूला जैसे नीचे तक झूलता हुआ स्पष्ट देखा जा रहा है। पटरी के नीचे की पूरी मिट्टी व गिट्टी बाढ़ का पानी अपने साथ बहाकर ले गया। जिससे स्थल पर 5 फीट गहरा गड्ढा बन शेष पेज 12 पर

## कमिश्नर अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर प्रभावितों से की चर्चा



**जगदलपुर।** कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह ने गुरुवार को बस्तर जिले के तोकापाल एवं लोहण्डीगुड़ा विकासखण्ड के अतिवृष्टि प्रभावित ग्रामों राजूर व मांदर का जायजा लिया और पीड़ति परिवारों से भेंटकर उनके ठहरने की व्यवस्था सहित खाद्यान्न प्रदाय, भोजन एवं बर्तन, कपड़े अन्य जरूरी चीजों की उपलब्धता के बारे में पूछा और उन्हें हरसम्भव सहायता प्रदान करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने पीड़ति परिवारों हेतु राहत शिविरों में कमरे की उपलब्धता के अनुरूप महिलाओं एवं पुरुषों के लिए पृथक-पृथक ठहरने की व्यवस्था करने सहित कम्बल-चादर, साड़ी एवं अन्य कपड़े उपलब्ध करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही मकान क्षति वाले पीड़ति परिवारों को आवास निर्माण के लिए त्वरित स्वीकृति देकर उन्हें बांस-बल्ली उपलब्ध करवाने कहा। वहीं ईंट और अन्य निर्माण सामग्री सुलभता हेतु आवश्यक पहल किए जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर डोमन सिंह ने राजूर में प्रभावित पांच परिवारों हेतु पंचायत भवन शिविर से स्कूल भवन में ठहरने की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने कहा। वहीं मांदर में शेष पेज 12 पर

## किसान वृक्ष मित्र योजना के 1483 हितग्राहियों को 92 लाख का वितरण




**जगदलपुर।** वन महोत्सव में किसान वृक्ष मित्र योजना के वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के 1483 हितग्राहियों का 92 लाख की राशि का चेक वितरण किया गया। वनमंत्री, विधायक सहित अन्य ने पौधरोपण किया।

वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश, देश का अक्सीजोन के रूप में जाना जाता है। यहां प्रकृति ने बहुत ही अधिक वनों की मात्रा का आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा कि वनों से आच्छादित इस बस्तर क्षेत्र में जन्म लेने का अवसर मिला, क्षेत्र के वनों को हमारे पूर्वजों ने सांस्कृतिक, प्राकृतिक धरोहर के रूप संरक्षित किया है । इस वनों से वनोपज, वनों के खाने योग्य फल का लाभ इन क्षेत्र में निवास करने वाले लोग ही अनुभव करते हैं इसलिए इनका संरक्षण करना हमारी जिम्मेदारी है। साथ ही आगामी पीढ़ी को भी इसके संबंध में जानकारी शेष पेज 12 पर






## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित 2 परिवारों को 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता जारी

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना ने प्राकृतिक आपदा पीड़ित के 2 प्रकरणों में वारिसों को 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की है। कलेक्टर द्वारा कोण्डागांव तहसील के ग्राम उमरगांव निवासी तुलसीराम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी सावित्रीबाई, पुत्री खुशबू, ममता और पुत्र अंजनुराम को सहायता दी। इनके अलावा कोण्डागांव तहसील के ग्राम मालगांव निवासी बचन मरकाम की मधुमक्खी के काटने से मृत्यु होने पर पत्नी आसीनबाई मरकाम को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदार को दिए गए हैं।

### खाद की किल्लत से जूझते किसानों के साथ कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिले में खाद की किल्लत से किसान बुरी तरह परेशान हैं।



बाजार में यूरिया और डीएपी की भारी कालाबाजारी हो रही है। यूरिया–डीएपी दोगुनी कीमत पर बेची जा रही है। 250 रुपए की यूरिया 1200 रुपए में और 1400 रुपए का डीएपी 2500 रुपए में खुलेआम बिक रहा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बुधराम नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ किसानों का प्रदेश है। हमारी सरकार में किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया गया था, लेकिन भाजपा की सरकार आने के बाद किसानों पर आफत टूट पड़ी है। शनिवार को कांग्रेस भवन से श्री गणेश जी का आशीर्वाद लेकर सैकड़ों कार्यकर्ता मोटरसाइकिल रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचेंगे और ज्ञापन सौंपेंगे। यदि इसके बाद भी किसानों को राहत नहीं मिली तो कांग्रेस ने उग्र आंदोलन करने की चेतावनी।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, मेधावी छात्राओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध : जसकेतु

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव वर्ष 2025 के अंतर्गत, महिला एवं बाल विकास विभाग ने गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों की प्रतिभाशाली छात्राओं और उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

**छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव वर्ष 2025 में हो रहे विविध कार्यक्रम**

**स्पर्धाओं के विजेता उपविजेता**

विभिन्न प्रतियोगिता में विजेताओं में रंगोली में दिव्या वैद प्रथम, भवानी ढाली द्वितीय, मंदाकिनी तृतीय। कुर्सी दौड़ में खेमलता कोर्राम प्रथम, दम्मी पोयाम द्वितीय, पुष्पा पाण्डे तृतीय। चम्मच दौड़ में गायत्री मानिकपुरी प्रथम, दम्मी पोयाम द्वितीय। व्यंजन प्रतियोगिता शीला देवांगन प्रथम, अनिता नाग द्वितीय रहीं।




**बाल विवाह रोकथाम की ली शपथ**

कार्यक्रम में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत बाल विवाह की रोकथाम के लिए शपथ दिलाई गई। इसके अलावा, 10वीं और 12वीं की 30 मेधावी छात्राओं और उत्कृष्ट कार्य करने वाली 16 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ।

**विकसित छत्तीसगढ़ के लिए प्रतिबद्धता** – कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी ने छत्तीसगढ़ राज्य के 25 साल पूरे होने पर सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम में एसडीएम अजय उरांव, जिला कार्यक्रम अधिकारी अवनी कुमार बिसवाल और अन्य विभागीय अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**आयोजन:** पांच संभाग के 570 खिलाड़ी ले रहे भाग

# कोण्डागांव में 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- फुटबॉल, तीरंदाजी और मलखंभ में अपनी प्रतिभा का करेंगे प्रदर्शन
- खेलों की विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका : उसेंडी

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने गुरुवार को स्थानीय विकास नगर स्टेडियम में 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता 28 से 31 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में राज्य के पाँच संभागों के लगभग 570 खिलाड़ी फुटबॉल, तीरंदाजी और मलखंभ खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।





उद्घाटन समारोह में विधायक सुश्री उसेंडी ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों की बहुत भूमिका होती है। क्योंकि यह न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है, बल्कि जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देता है। साथ ही प्रतिस्पर्धा के दौरान विषम परिस्थितियों से निबटने की कला का भी विकास करता है। उन्होंने बताया कि बस्तर संभाग के खिलाड़ी तीरंदाजी और मलखंभ जैसे खेलों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि स्थानीय खिलाड़ी अपनी प्रतिभा से जिले और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कई सुविधाएँ दे रही हैं, जैसे कि उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी और अलंकरण सम्मान।

***मोटापा एक गंभीर समस्या संदेश का किया जिक्र***

*विधायक सुश्री उसेंडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का जिक्र करते हुए कहा कि मोटापा एक गंभीर समस्या है और इससे लड़ने का सबसे प्रभावी तरीका खेल ही है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन के साथ खेलने का आग्रह किया। अंत में उन्होंने सभी खिलाड़ियों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया और उन्हें शुभकामनाएँ दीं।*

***ये रहे उपस्थित***

*इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, राज्य तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष दीपेश अरोरा, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।*

# जमीन में सो रहे ग्रामीण को रात में सांप ने डसा, हुई मौत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- पावारास गांव में रात की घटना

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पीपरा के आश्रित ग्राम पावारास निवासी फरसुराम नेताम पिता मलसाय नेताम उम्र 33 वर्षीय की जहरीले सांप के डसने से मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार फरसुराम बुधवार की रात खाना खाकर अपने कमरे में जमीन पर चटाई बिछा कर सोया गया। गुरुवार की सुबह करीब 6 बजे उसकी पत्नी ने उसे को उठाया तो वह नहीं उठा। बिस्तर में एक जहरीला करायत सांप भी था। वही फरसुराम के चेहरे में आंख के पास सांप के काटने के निशान थे। जिसके बाद घर वालों ने उस सांप को मार दिया । परिजनों ने पीड़ित को फरसगांव अस्पताल लाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया। परिजनों की रिपोर्ट पर फरसगांव थाना पुलिस ने जांच पंचनामा के बाद मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम बाद परिजनों के सुपुर्द किया है।

# किताबें विद्यार्थियों की सबसे अच्छी मित्र ज्ञान और संस्कृति का होती हैं खजाना

- हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में पुस्तक पठन दिवस का आयोजन

**कोण्डागांव।** राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे रजत जयंती महोत्सव 2025–26 के अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में आज पुस्तक पठन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा अभिभावकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी रुचि की पुस्तकों का वाचन किया। बच्चों ने कहानियाँ, कविताएँ, प्रेरणादायक प्रसंग और ऐतिहासिक प्रसंग पढ़कर सुनाए। पुस्तक पठन के प्रति बच्चों का उत्साह देखा गया। प्राचार्य मुकेश सैमसन ने बताया कि पुस्तक पठन दिवस का मुख्य उद्देश्य बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित करना और उन्हें पुस्तकों से जोड़ना है। कार्यक्रम में यह संदेश दिया गया कि किताबें ज्ञान का सबसे बड़ा खजाना होती हैं और इन्हें पढ़ना जीवन में सफलता के लिए आवश्यक है। श्री सैमसन ने अपने उद्बोधन में कहा कि किताबें बच्चों की सबसे अच्छी मित्र होती हैं। इन्हीं से उन्हें नई–नई जानकारियाँ और मूल्य मिलते हैं। पुस्तक पठन दिवस बच्चों को साहित्य, विज्ञान और संस्कृति से जुड़ने का



एक अनोखा अवसर प्रदान करता है।

**आगामी दिनों में होगी कई गतिविधियां**– शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत 29 अगस्त को स्पीड रीडिंग प्रतियोगिता, 30 अगस्त को प्रदर्शनी तथा 31 अगस्त को एलुमनी बैठक जैसी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। इस प्रकार, हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में आज का पुस्तक पठन दिवस न केवल ज्ञानवर्धक रहा बल्कि विद्यार्थियों और अभिभावकों को पुस्तकों के महत्व से भी जोड़ने वाला रहा।


**ये रहे मौजूद**–इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्राचार्य मुकेश सैमसन, संकुल समन्वयक दुर्गा शंकर दीवान, जमील अहमद, यशवंत देवांगन सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत, की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- महिलाओं ने मनाया हरितालिका तीज का पर्व

सुहागिन महिलाओं ने पूरे श्रद्धा और आस्था के साथ हरितालिका तीज का व्रत रखा। तीज पर्व पर महिलाओं ने निर्जला उपवास रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा–अर्चना की। इस दौरान मंदिरों और घरों में विशेष सजावट देखने को मिली। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सजी–धजी नजर आईं। शाम को महिलाओं ने सामूहिक रूप से गीत–भजन गाते हुए तीज माता की कथा सुनी और विधि–विधान से पूजा संपन्न की। कोंडागांव के विभिन्न मोहल्लों और गांवों में तीज की रौनक देखने को



मिली। सुहागिनों ने हाथों में मेहंदी रचाई और झूला झूलते हुए तीज का आनंद लिया। इस मौके पर बाजारों में भी चहल–पहल रही, जहां पूजा सामग्री और श्रृंगार का सामान महिलाओं ने खरीदा। हरितालिका तीज का यह पावन पर्व आस्था और प्रेम का प्रतीक बनकर सुहागिनों के जीवन में उत्साह और उल्लास भर गया।

# आधुनिक कृषि तकनीकों के लिए किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- कोण्डागांव में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम

उद्यानिकी विभाग के शासकीय उद्यान रोपणी कोपाबेड़ा, विकासखंड कोण्डागांव में समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अम्बुजा फाउंडेशन एवं एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के सहयोग से संचालित एचआरडीपी परियोजना के तहत आयोजित हुआ। आयोजन में कोण्डागांव के दूरस्थ अंचल ग्राम धनसुली, बम्हनी, ईसलनार, सोनाबाल, पल्ली, एवं बनियागांव से 30 आदिवासी किसानों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को आधुनिक खेती की तकनीकों, कृषि वानिकी, और शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान कर उनकी आय और जीवन स्तर में सुधार लाना था। किसानों को शासकीय रोपणी का भ्रमण कराया गया, जहाँ उन्हें सैद्धांतिक और प्रायोगिक जानकारी दी गई। रोपणी प्रभारी लोकेश्वर प्रसाद उद्यान अधीक्षक ने खेत की तैयारी, पौधरोपण की उचित दूरी, बागवानी फसलों के रखरखाव और कृषि वानिकी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कृषकों को यह समझाया गया कि कृषि वानिकी अपनाकर वे प्रति इकाई क्षेत्रफल से अधिक लाभ अर्जित कर सकते हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आएगा।



**शासकीय योजनाओं से जुड़ाव**

प्रशिक्षण में विभिन्न शासकीय योजनाओं से किसानों को जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। योजनाओं के माध्यम से किसानों को आधुनिक तकनीकों और संसाधनों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में अम्बुजा फाउंडेशन से श्रीमती नेहा कुशवाहा, विकास ठाकुर, अन्य अधिकारी, कर्मचारी और किसानों उपस्थित रहे।

# कोंडागांव में 50 युवतियों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा नगर सेना में चयनित 50 युवतियों के सम्मान में आज सामुदायिक भवन कोंडागांव में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात सभी उपस्थितजनोंने एक स्वर में राष्ट्रगान गाया। बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने परिषद द्वारा पिछले पाँच वर्षो में किए गए कार्यो की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूर्व सैनिक न केवल निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण दे रहे हैं बल्कि स्वच्छता अभियान, मतदाता जागरूकता और रक्तदान शिविरों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।



**चयनित युवतियों को मिला सम्मान**

विधायक सुश्री लता उसेंडी ने नगर सेना में चयनित 50 युवतियों को उनके पालकों की उपस्थिति में पुष्पमाला पहनाकर और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने युवतियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए परिषद के प्रयासों की सराहना की। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर जे.पी. पात्रे, पूर्व जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा और सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष बंगाराम सोडी ने युवतियों को बधाई दी और उनके जज्बे की सराहना की। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के जिला अध्यक्ष सूरज यादव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि परिषद निरंतर समाजसेवा एवं राष्ट्रनिर्माण में योगदान देती रहेगी।



**ये रहे उपस्थित**– इस अवसर पर शांति फाउंडेशन अध्यक्ष छोटू सलाम, जिला रोजगार अधिकारी सुश्री श्वेता वर्मा, होमगार्ड प्रभारी भानसिंह मार्को, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक सहित परिषद के पदाधिकारी और सदस्य सुब्रत साहा, सूरज यादव, अजनेर लकड़ा, उमेश साहू, सोमेश्वर भारती, आसमन मंडावी, बप्पा नंदी, रुपउ राम मरकाम सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक और सेवारत सैनिक उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### 9 वर्षीय बालिका...

लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर दरभा से थाना प्रभारी चाणक्य नाग एवं सब इंस्पेक्टर द्वारिका प्रसाद मिश्रा के साथ कामानार पुलिस चौकी के प्रभारी यसवंत नरेटी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेकाज डिमरापाल भेज दिया है। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया है।

### नेशनल हाईवे 63...

यहां खड़ी मिक्चर मशीन लगभग 1 किमी दूर बहकर मिट्टी में समा गई। इसी तरह किसान का धान कुटाई मशीन एव रोटा वेटर मशीन भी पानी मे बहकर क्षतिग्रस्त हो गया। इसके साथ ही यहां किसानों के घर खोदे गए 3 से 4 बोर के पम्प जमीन के अंदर से ही बाहर निकल कर बाढ़ में बह गए। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बाढ़ कितनी तीव्र गति से आया होगा और पानी का दबाव काफी ज्यादा रहा होगा । इस आपदा से यहां नेशनल हाइवे 63 सड़क किनारे से मिट्टी कटने पर लगभग सौ मीटर तक क्षतिग्रस्त हो गई । बाजार पारा में 4 से 5 घर बह गए है । जबकि इसी गांव के लंका पारा इलाके में 20 से भी ज्यादा घर क्षतिग्रस्त बताये जा रहे है। ग्रामीण राजकुमार, वीर, धरमु, महेंद्र नाग, शांति बाई व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि यहां घर व फसल बर्बाद तो हो ही गए। इसके साथ-साथ किसी किसान की मुर्गी तो किसी की बकरी समेत किसी के दुकान का सामान भी बह गया, कई बोरिया धान बह गए। फ्रिज कूलर समेत घरों के कई इलेक्ट्रॉनिक सामान बहकर पानी और मिट्टी में समा गए, लाखों रुपये का नुकसान यहां ग्रामीणों का हुआ है। यहां स्थित लकवा बीमारी से पीड़ति ग्रामीण का भी घर बह गया, ग्रामीण के मुताबिक उसने अपनी बेटी की शादी के लिए कुछ ज्वेलरी और डेढ़ लाख रुपये करीब नगद जमा राशि भी जोड़ रखा था जो बाढ़ की तबाही में समा गया। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो इस तरह का यहां पहली बार बाढ़ आया है जिससे लोगों का भारी नुकसान हुआ है।

### केके लाइन में...

गया। वहीं पटरी झूलता नजर आ रहा है। इधर डिलमिली स्टेशन के समीप पहाड़ से चट्टान पटरी पर गिरा था,जिसे हटाकर मरम्मत किया गया। पिछले दो दिनों से डाबपाल-कांवडगांव के पास वासाउट हुए रेल ट्रैक स्थल पर जोर शोर से मरम्मत व सुधार कार्य जारी है। विशाखापट्नम रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के संदीप के अनुसार बाधित केके लाइन के कारण किरन्दुल से विशाखापट्नम तक नियमित चलने वाली पैसेंजर और नाईट एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन को 31 अगस्त तक विशाखापट्नम से और 1 सितंबर तक किरन्दुल से परिचालन रद्द किया गया है।

**दोनों यात्री ट्रेनों के पहिये थमे**- पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश और जगदलपुर, किरंदुल खंड में पानी भरने-चट्टान गिरने के कारण कई ट्रेन सेवाएं रद्द अथवा शॉर्ट टर्मिनेट की जाएंगी। ट्रेन संख्या 18515 विशाखापत्तनम-किरंदुल नाइट एक्सप्रेस, जो 29 से 31 अगस्त तक विशाखापत्तनम में रद्द रहेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 18516 किरंदुल-विशाखापत्तनम नाइट एक्सप्रेस,जो 28 से 30 और 1 सितंबर तक को किरंदुल तक रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 18515 विशाखापत्तनम-किरंदुल नाइट एक्सप्रेस,जो 28 से 30 अगस्त और 1 सितंबर को विशाखापत्तनम से जगदलपुर पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 18516 किरंदुल-विशाखापत्तनम नाइट एक्सप्रेस 29 से 31 और 2 सितबंर को किरंदुल के स्थान पर जगदलपुर से प्रारंभ होगी। ट्रेन संख्या 58501 विशाखापत्तनम- किरंदुल पैसेंजर,जो 30 से 31 अगस्त और 1 सितंबर को विशाखापत्तनम से प्रस्थान करेगी, कोरापुट पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। वापसी दिशा में यह ट्रेन संख्या 58502, 30 से 31अगस्त और 1 सितंबर को किरंदुल के स्थान पर कोरापुट से विशाखापत्तनम तक चलेगी।

### कमिश्नर अतिवृष्टि ...

प्रभावित परिवारों को समुचित सहायता प्रदान करने के लिए अस्थायी कैम्प ऑफिस खोलकर आरआई एवं पटवारियों की रोस्टर अनुसार ड्यूटी लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां पर उपयुक्त शासकीय भवन में राहत शिविर संचालित किए जाने कहा और जरूरत के अनुरूप पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मकान वाले पीड़ित परिवारों को आवास निर्माण के लिए शीघ्र सहायता राशि प्रदान करने सहित अन्य आवश्यक मदद सुनिश्चित किए जाने कहा। कमिश्नर ने इन दोनों ग्रामों में मकान, फसल एवं अन्य क्षति का सर्वेक्षण जल्द पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही पेयजल एवं विद्युत सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित चिकित्सा दलों की ड्यूटी नियमित तौर पर सुनिश्चित किए जाने कहा। उन्होंने बाढ़ का पानी उतरने के बाद मौसमी बीमारी से बचाव के लिए एहतियात बरतने पर जोर देते हुए पेयजल स्रोतों के जल का परीक्षण करवाने तथा पेयजल स्रोतों का क्लोरीनेशन अनिवार्य रूप से किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही आवागमन को बहाल करने के लिए क्षतिग्रस्त सड़क एवं पुलिया का तत्काल मरम्मत किए जाने कहा। इस दौरान अवगत कराया गया कि प्रभावित परिवारों को आवश्यक कम्बल-चादर, कपड़े एवं बर्तन वितरित किया गया है और नियमित रूप से जरूरत के अनुरूप खाद्यान्न भी उपलब्ध कराया जा रहा है। राजूर शिविर में 5 परिवारों के 16 सदस्यों के लिए व्यवस्था की गई है। वहीं मांदर, पारापुर एवं नेगानार में स्थापित पांच अलग-अलग राहत शिविरों में 250 प्रभावितों को भोजन एवं अन्य सेवाएं उपलब्ध कराया जा रहा है।

### किसान वृक्ष मित्र...

दी जानी है। वन मंत्री कश्यप बुधवार को आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जामावाडा में जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे । विधायक किरण सिंह देव ने कहा कि वन विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में लगभग तीन करोड़ 75लाख पौधे-पेड़ एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत लगाए है । कार्यक्रम में सिंदूर, कपूर, रुद्राक्ष जैसे पेड़ों का रोपण किया गया, इसका संरक्षण स्कूल के छात्रों द्वारा किया जाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आव्हान पर सभी को एक पेड़ का रोपण अपने घरों में जरूर करना चाहिए। अतिथियों ने स्कूल परिसर में एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण किया।

## खबर संक्षेप

### नया खानी पर्व मनाया



**भोण्ड।** बस्तर अंचल में नया खानी पर्व की पारंपरिक छटा लोकसंस्कृति की सुगंध से सराबोर ग्रामीण महिलाएं, मिट्टी के हस्तनिर्मित खिलौने खरीदते हुए बच्चों की परंपरा से जुड़ाव को संजोतीं हुई।

### दण्डाधिकारी जांच के लिए उपस्थित होने की सूचना

**बीजापुर।** जिले के थाना गंगालूर के क्षेत्रांतर्गत घटना 6 अगस्त को ग्राम लेण्ड्रा इतावर के जंगल पहाड़ में हुए पुलिस नक्सली मुठभेड़ की घटना घटित हुई है। जिसमें पुलिस और नक्सलियों के बीच फायरिंग हुई। फायरिंग रूकने के बाद सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए घटना स्थल का बारिकी से सर्च किया गया। सर्चिंग के दौरान घटना स्थल पर एक अज्ञात पुरूष माओवादी का शव मिला। शव के पास से विस्फोटक सामग्री, नक्सली वर्दी साहित्य, दवाई बरामद किया गया है। इस घटना के संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की जानकारी हो तो 11 सितम्बर तक न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी बीजापुर में उपस्थित होकर साक्ष्य प्रस्तुत कर सकतें हैं।

### 1 सितम्बर से प्रस्तावित हड़ताल स्थगित



**जगदलपुर।** 1 सितम्बर से प्रस्तावित हड़ताल के संबंध में आज 28 अगस्त को जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पदोन्नति आदेशों के संदर्भ में चर्चा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया कि 15 सितम्बर की डेडलाइन तक संबंधित कर्मचारियों के पदोन्नति आदेश जारी कर दिए जाएंगे। इस सकारात्मक आश्वासन को देखते हुए संघ ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि 15 सितम्बर तक के लिए प्रस्तावित हड़ताल को स्थगित किया गया है। यदि निर्धारित तिथि तक आश्वासन के अनुरूप कार्यवाही नहीं होती है. तो संघ आगे की रणनीति तय करेगा और पुनः हड़ताल पर जाने का निर्णय ले सकता है।

### बाढ़ त्रासदी से नगर में पेयजल आपूर्ति ठप



**दंतेवाड़ा।** नगर में आये बाढ़ त्रासदी से नगर में पेयजल व्यवस्था चरमरा गयी है। नगर में आए बाढ़ के कारण नगर का इटेक वेळ क्षत्तीग्रस्त हो गया जिसके कारण नगर में पेय जल आपूर्ति ठप पड़ी है। जिला प्रशासन स्थानीय प्रशासन का अमला बहाली में तत्पर है नगर में 4 पानी टंकीयों को भरने हेतु नगरीय प्रशासन के सहायक संचालक जयंत सिन्हा, उप सहायक संचालक पूरनिक ध्रुव, कार्यपालन अभियंताअमर चौहान, सहायक अभियंता कोंडागांव नगर पालिका बृजेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन पर वैकल्पिक ट्यूब से सम्प वेळ के माध्यम से पानी टंकी चालू करने का कार्य किया जा रहा है।

## निधन

### शकुंतला ठाकुर



**जगदलपुर।** शहर के लालबाग निवासी शकुंतला ठाकुर का मंगलवार की रात 9.30 बजे निधन हो गया। वे 74 वर्ष की थीं। वे लंबे समय से बीमार थीं। वे गोविंद सिंह ठाकुर की भाभी और ममता ठाकुर की मां थीं। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

---

### गायक मुकेश की 49 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें दी आदरांजलि

# अंचल और वरुणी ने बांधा समा

## मुकेश के गानें सुनने भारी बारिश के बाद भी दर्शक दीर्घा में भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

पार्श्व गायक स्व. मुकेश की 49 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित संगीतमय कार्यक्रम एक प्यार का नगमा है में छत्तीसगढ़ के मशहूर गायक अंचल शर्मा एवं भोपाल की स्वर कोकिला वारूणी शर्मा ने जगदलपुर के

- बेहतरीन आयोजन को संगीत प्रेमियों की मिली सराहना

श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में बुधवार की रात अपनी प्रस्तुति दी। श्रीमती ज्योति शर्मा ने फीमेल सिंगर के रूप में उनका अच्छा साथ निभाया। देर रात तक जगदलपुर के सुधि दर्शकों ने कार्यक्रम का आनंद लिया और कलाकारों की हौसला आफजाई की।

कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष भाजपा एवं विधायक किरण सिंह देव, महापौर संजय पांडे, एमआईसी सदस्य संग्राम सिंह राणा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मलकीत सिंह गैदू, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य, संजय बाजार अध्यक्ष पंकज सिंघल एवं अन्य सभी गणमान्य अतिथियों ने कलाकारों की खुले दिल से प्रशंसा की। कार्यक्रम में अंचल शर्मा द्वारा 28 से अधिक एकल व युगल गाने गाए गए जो एक से बढ़कर एक थे।

मुकेश के सुपरहिट गीत देते ना आप साथ तो मर जाते को गाते हुए







अंचल शर्मा ने दर्शक दीर्घा से प्रवेश किया और पहली प्रस्तुति में ही खूब तालियां बटोरी। अपने निराले अंदाज से उन्होंने दर्शकों को मंच से जोड़ा और देर रात तक अपनी सदाबहार गायकी से उन्हें कुर्सी से बांधे रखा। भारी बारिश के बाद भी पूरा आडिटोरियम दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था। अंचल ने भिलाई से आए डॉल्फिन के बी म्यूजिकल ग्रुप ऑर्केस्ट्रा के साथ कई बेहतरीन प्रस्तुतियां दी। उनके साथ आई उनकी पत्नी एवं भोपाल की पार्श्व गायिका वारुणी एवं पुत्र शगुन के साथ एक ही धुन पर चारों ने अपनी गायकी की अनोखी प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। दर्शकों की ओर से आ रहे गाने की फरमाइश को सहजता से स्वीकार करते और मुकेश की आवाज में बखूबी गाते गए। कार्यक्रम के समाप्त होते ही दर्शक मंच पर पहुंच गए और उनके साथ फोटो खिंचवाने की होड़ लग गई। जाते-जाते अंचल ने कहा बस्तर और बस्तर वासियों का उन्हें दूसरी बार अपार स्नेह मिला। वो बार- बार बस्तर आना चाहेंगे। अतिथियों एवं आयोजकों की ओर से मुकेश के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया गया। आयोजक महेंद्र महापात्र ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य संगीत प्रेमियो को अच्छी गायकी का आनंद दिलाना एवं संगीत संध्या के माध्यम से स्व. मुकेश माथुर को श्रदांजलि देना है। स्थानीय कलाकार बलराज शर्मा, राजेश महंत, वंदना पॉल, एमबी मंजूषा, महेश सिंह ने अपने गीतों से कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम की व्यवस्था एवं भव्यता देने की जिम्मेदारी समीर सेन एवं गुप्तेश्वर नायक ने संभाली। अपने निराले अंदाज में मंच संचालन अफजल अली ने किया। समीपवर्ती राज्य उड़ीसा के विभिन्न शहरों से भी संगीत प्रेमी दर्शक आयोजकों के निमंत्रण पर पहुंचे थे।

---

## जिपं सदस्य ने प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

जिला पंचायत सदस्य व प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सुलोचना कर्मा गीदम ब्लॉक के बाढ़ प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों के दौरे पर पहुंची। इस दौरान उन्होंने बाढ़ प्रभावित बड़े तुमनार, बांगापाल, बींजाम, फुंडरी एवं अन्य पंचायतो का मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत सचिव एवं पटवारी को बाढ़ में नुकसान हुए संपत्ति का तुरन्त मूल्यांकन के निर्देश दिए साथ ही प्रशासन से जल्द मुआवजा देने की अपील की। सुलोचना ने ग्रामीणों को समझाइश दी कि कुछ दिन भारी बारिश की चेतावनी है इसलिए सुरक्षित स्थान और ऊंची जगहों पर ही रहे और जलभराव की स्थिति में आपस मे एकदूसरे की मदद करे। गौरतलब हैं कि क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित परिवारों को स्कूल, आश्रमो एवं पंचायत भवनो में विस्थापित किया गया है। इस दौरान उनके साथ जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रजत दहिया उपस्थित रहे।

## नपं अध्यक्ष प्रभावितों के घर पहुंच लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



गीदम नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना ने नगर के विभिन्न वार्डों में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का मंगलवार एव बुधवार को घर-घर जाकर दौरा और स्थिति का जायजा लेते हुए तत्काल बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में फंसे लोगों को राहत पहुंचाया गया।

इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि गीदम में भारी बारिश के चलते बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होना वास्तव में एक बड़ी चुनौती है। प्रभावित वार्डों में पहुंचकर लोगों से बात करके उन्हें सुरक्षित स्थान भेजा गया। आपदा को देखते हुए त्वरित कदम उठाते हुए गीदम के सांस्कृतिक भवन में राहत शिविर लगाया गया है जहां प्रभावित लोगों को आश्रय, भोजन और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। राहत शिविर में लोगों को सुरक्षित और आरामदायक माहौल प्रदान करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कराई गई है। इस आपदा की घड़ी में शासन प्रशासन सभी मुस्तैदी के साथ त्वरित एवं प्रभावी कदम उठाते हुए मिलकर काम कर रहे हैं। बारिश रुकने के बाद प्रभावित क्षेत्रों में जल निकासी और स्वच्छता की व्यवस्था करने की ओर तत्काल कदम उठाया जाएगा।

---

# महिलाओं ने श्रद्धा-भक्ति के साथ रखा हरितालिका तीज का व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



जिले में बुधवार को महिलाओं ने हरतालिका तीज का व्रत बड़ी श्रद्धा और आस्था के साथ रखा। इस अवसर पर विवाहित महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए निर्जला उपवास किया। वहीं युवतियों ने भी अच्छे वर की प्राप्ति के लिए इस व्रत को पूरी निष्ठा से निभाया।

सुबह से ही महिलाओं ने पारंपरिक परिधान पहनकर मंदिरों में पूजा-अर्चना की और माता पार्वती व भगवान शिव की विधिवत पूजा कर मंगलकामना की। दिनभर निर्जला व्रत रखने के बाद शाम को व्रत कथा का श्रवण कर महिलाओं ने पूजा-पाठ संपन्न किया। स्थानीय मंदिरों और घरों में धार्मिक माहौल बना रहा। महिलाएं सुहाग सामग्री के साथ सज-धज कर पूजा स्थल पर पहुंचीं और पारंपरिक गीतों के साथ तीज का पर्व मनाया।

---

# बीईओ भारती देवांगन ने किया शालाओं का निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ⏭ भोण्ड

बस्तर विकासखंड की खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन ने संकुल बोड़नपाल-2 के अंतर्गत आने वाले विभिन्न शासकीय शालाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक गुणवत्ता, अधोसंरचना, शिक्षक उपस्थिति एवं विद्यार्थियों के अधिगम स्तर का मूल्यांकन करना था।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे वार्षिक शैक्षणिक कैलेंडर के अनुरूप अध्यापन सुनिश्चित करें और बच्चों की भाषा एवं गणितीय दक्षता पर विशेष ध्यान दें। साथ ही सभी शालाओं में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, भवन की स्थिति, छात्रावासों की सुविधा और शिक्षण सामग्री की उपलब्धता का भी अवलोकन किया गया। उन्होंने एकलव्य आवासीय विद्यालय बेसोली भवन आश्रम व पेयजल समस्याओं का निरीक्षण किया। छात्रावास कक्षों की स्थिति देखी और प्राचार्य से चर्चा की। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए। कन्या आश्रम बेसोली में बच्चों को स्वयं पढ़ाया, पहाड़ा, वर्णमाला व सामान्य ज्ञान की जांच की गई। भवन जर्जर होने के कारण अन्यत्र संचालित कक्षाओं की स्थिति देखी गई। कन्या शिक्षा परिसर भानपुरी में शिक्षकों से संवाद कर बोर्ड परीक्षा हेतु विशेष तैयारी, समय प्रबंधन और उत्तर लेखन पर बल दिया। प्रयोगशालाओं के नियमित उपयोग हेतु निर्देश दिए। प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बेसोली में भवन निरीक्षण, मध्यान्ह भोजन की जांच तथा बच्चों से भाषा व गणित संबंधी प्रश्न पूछे गए। जादुई पिटारा के प्रयोग की सराहना की।

प्राथमिक शाला खालेपारा में बैठने की कमी और कक्षा व्यवस्था पर चिंता जताई। सहायक सामग्रियों के प्रयोग पर जोर देते हुए शिक्षकों को 10 दिन के भीतर सुधार लाने के निर्देश दिए। प्राथमिक शाला खुटगुड़ा में बहुभाषा कार्यक्रम की अभ्यास पुस्तिका का अवलोकन किया। शिक्षकों को नियमित अभ्यास कार्य और संदर्शिका अद्यतन करने के निर्देश दिए।

### गुणवत्ता सुधार पर विशेष बल

निरीक्षण के अंत में देवांगन ने सभी विद्यालयों में शिक्षक दैनंदिनी, अध्यापन विधि, एवं शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा शिक्षा की गुणवत्ता को ऊँचाई तक ले जाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए शिक्षकों का सतत प्रयास, ईमानदारी और नवाचार आवश्यक है। उन्होंने सभी शिक्षकों को समय पर विद्यालय में उपस्थित रहने, गुणवत्तापूर्ण अध्यापन सुनिश्चित करने और विद्यार्थियों की निरंतर प्रगति हेतु प्रभावी शिक्षण कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संकुल समन्वयक गजेंद्र सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहे।

---

# जिले में अतिवृष्टि से फसल क्षति का आंकलन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



जिले में हुई लगातार असामान्य एवं भारी वर्षा 200 मिमी से अधिक ने जिले के कई गाँवों और कृषि क्षेत्रों को प्रभावित कर दिया है। अचानक हुई इस अतिवृष्टि से खेतों में पानी भराव, मिट्टी खिसकने, एवं रेत भर जाने जैसी स्थितियां उत्पन्न हो गईं, जिससे यहाँ के किसानों को आंशिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन और कृषि विभाग ने तुरंत स्थिति का संज्ञान लेते हुए प्रभावित क्षेत्रों में सर्वे कार्य प्रारंभ कर दिया है। यदि फसल पर प्रभाव की बात की जाए तो धान की फसल मुख्य खरीफ फसल वर्तमान में अधिकांश खेतों में धान की रोपाई एवं बुआई पूरी हो चुकी है। अभी तक धान की अवस्था ऐसी है कि अत्यधिक वर्षा का व्यापक नुकसान नहीं हुआ है। हालांकि यदि पानी लंबे समय तक ठहरा रहा तो जड़ सड़न और पौधों के गिरने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। कृषि क्षेत्र में क्षति आकलन की प्रक्रिया के तहत कृषि विभाग की मैदानी टीमों को तुरंत प्रभावित राजस्व ग्रामों में भेजा गया है। ग्रामवार सर्वे सूची तैयार की जा रही है, जिसमें प्रभावित किसानों के नाम, आधार नंबर व फसल का विवरण शामिल किया जा रहा है। क्षति की गंभीरता को राजस्व विभाग के आरबीसी 64 प्रावधानों तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत दर्ज किया जा रहा है ताकि पात्र किसानों को शीघ्र राहत मिल सके। जिन किसानों की फसल प्रभावित हुई है, उन्हें घटना के 72 घंटे के भीतर सूचना देनी होगी। इसके अलावा किसान अपने फसल नुकसान की सूचना टोल-फ्री नंबर 14447 पर कॉल करके दर्ज करा सकते हैं।

---

# बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री विधायक ने दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



लोहण्डीगुड़ा क्षेत्र के ग्रापं मांदर में आई भारी वर्षा और बाढ़ से कई परिवार प्रभावित हुए हैं। इस आपदा की घड़ी में बाढ़ पीड़तों की सहायता के लिए विधायक विनायक गोयल ने आज गांव पहुंचकर प्रभावित परिवारों को गंजी, बर्तन, थाली, गिलास सहित आवश्यक घरेलू सामग्री का वितरण किया। राहत वितरण कार्यक्रम में सैकड़ों जरूरतमंद परिवारों को चिन्हित कर मदद पहुंचाई गई। विधायक ने सामग्री वितरित करते हुए प्रभावित लोगों से संवाद भी किया और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार और प्रशासन बाढ़ से प्रभावित हर परिवार के साथ खड़ी है, और उन्हें हर संभव सहायता दी जाएगी। विधायक गोयल ने कहा प्राकृतिक आपदाएं हमारे नियंत्रण में नहीं होतीं, लेकिन हम मिलकर एक-दूसरे का सहयोग कर इस संकट का डटकर सामना कर सकते हैं। मेरी प्राथमिकता है कि कोई भी पीड़ति परिवार बिना सहायता के न रहे। विधायक ने आगे बताया कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को जरूरी खाद्य सामग्री, दवाइयां और शुद्ध पेयजल भी शीघ्र उपलब्ध कराया जाएगा, और पुनर्वास कार्य भी प्राथमिकता से किया जाएगा। इस अवसर पर मंगतुराम कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, जिला मंत्री बाबुल नाग, पूर्व जिपं सदस्य रैतुराम बघेल, लच्छिन यादव, नरेश खापडे, जलन कश्यप, स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

---

# एनएमडीसी के भांसी आईटीआई में इंडक्शन कार्यक्रम हुआ






हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

एनएमडीसी डीएवी आइटीआई भांसी में नवप्रवेशित छात्रों एवं पालकों के लिए प्रत्येक वर्ष संस्था में इंडक्शन कार्यक्रम मिलाप का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में 28 अगस्त को सत्र 2025-26 के नवप्रवेशित छात्रों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम मिलाप का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के सभी शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीपी शेट्टी महाप्रबंधक विद्युत सेवाएं एनएमडीसी बीआईओएम बचेली सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य कमलेश साहू ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए संस्था की उपलब्धियों, नियमों, अनुशासन, कैंपस प्लेसमेंट और सम्बंधित विषय के शिक्षकों से अवगत कराया तथा मुख्य अतिथि को आईटीआई के चहुंमुखी विकास के लिए अन्य आवश्यकताओं से भी अवगत कराया।

संस्थान के डीजल मैकेनिक के छात्रों एवं उनके अनुदेशक एसएम शेंडे द्वारा वर्ष 2025 में बनाये गए सर्वोत्तम प्रोजेक्ट मॉडल को मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में आईटीआई में लड़कियों की अच्छी खासी संख्या को देखकर उनके अभिभावकों की प्रशंसा कर कहा की ऐसे अभिभावक बधाई के पात्र है जिन्होंने अपनी बेटियों की शिक्षा पर ध्यान देकर उन्हें आगे बढ़ाया है। संस्थान के छात्रों एवं शिक्षकों के द्वारा पिछले वर्ष 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने पर सभी छात्रों, शिक्षकों एवं प्रबंधन को बधाई दी। उन्होंने संस्थान के द्वारा छात्रों के रोजगार के अवसरों पर ध्यान देने के लिए एवं समय-समय पर कैंपस प्लेसमेन्ट कराने के लिए संस्थान को बधाई दी।

श्रीधर कोडाली अधिशासी निदेशक एनएमडीसी बीआईओएम बचेली ने सभी नव-प्रवेशित छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि को संस्थान के प्राचार्य कमलेश साहू के द्वारा स्मृति चिह्न प्रदान कर उनका अभिनंदन किया गया। विजय कुमार मिश्रा, अनुदेशक इलेक्ट्रीशियन के द्वारा कार्यक्रम को परोक्ष और अपरोक्ष रूप से सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सत्यम कुमार सिंह अनुदेशक इंजीनियरिंग ड्राइंग एवं डेहल राम निषाद अनुदेशक वर्कशॉप कैलकुलेशन एंड साइंस के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के सभी शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा।

---

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
गीदम, जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 202508161800005/
अ-2/2024-25
ग्राम-हारम, प.ह.नं. 20. तहसील - गीदम

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री नरेश बुरड़ पिता नेमीचंद, निवासी गीदम, तहसील गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.) मोबाईल नं. 9009454001 के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 172 के तहत अपने क्रय-विक्रय से प्राप्त भूमि ग्राम - हारम, प.ह.नं. 20. रा.नि.मं. गीदम तहसील- गीदम में स्थित भूमि खसरा नं. 95/4 रकबा 0.4000 हे. भूमि को कृषि भूमि प्रयोजन से औद्योगिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराना चाहते है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भू-खण्ड के व्यपवर्तन से यदि किसी को आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 12/09/2025 तक उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है।

यह उदघोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/08/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
गीदम

## खबर संक्षेप

### मेडिकल कालेज में विराजे गणपति बप्पा



**जगदलपुर।** मेडिकल कालेज डिमरापाल में विराजे भगवान गणेश । जहां मरीज को लेकर आने वाले परिजन भगवान गणेश से शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना कर रहे हैं। वहीं रोजाना विधि विधान से पूजा, अर्चना कर आरती और भजन कीर्तन का कार्यक्रम चल रहा है।

### रोजगार मेला में 6600 से अधिक पदों पर होगी भर्ती

**जगदलपुर।** राज्य स्तरीय रोजगार मेला 9 और 10 अक्टूबर को रायपुर में आयोजित किया जाएगा। इस मेले में 33 से अधिक निजी (प्राइवेट) कंपनियां 6605 पदों पर भर्ती करेंगी। इस रोजगार मेले में शामिल होने के लिए इच्छुक उम्मीदवारों को रोजगार विभाग के पोर्टल पर अपना पंजीयन कराना अनिवार्य है।

### प्लेसमेंट कैंप आज

**जगदलपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र आड़ावाल में शुक्रवार को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस कैंप में एक निजी (प्राइवेट) नियोक्ता द्वारा पदनाम बिजनेस एसोसिएट के कुल 10 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके माध्यम से 18 से 40 वर्ष तक के न्यूनतम 12वीं उत्तीर्ण युवतियों का चयन किया जाएगा।

# जनजातीय क्षेत्र के विकास के लिए कर्मयोगी अभियान संचालित : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के मुख्य तत्वाधान में आदि कर्मयोगी अभियान-रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस प्रोग्राम के तहत डिस्ट्रिक्ट प्रोग्रेसिव लैब की शुरुआत पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में विधायक किरण सिंह देव की उपस्थिति में शुरुआत की। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनजातीय विकास और परिवर्तन के लिए व्यक्तियों और संस्थाओं को सशक्त बनाना है, ताकि जमीनी स्तर पर आ रही समस्याओं को जानकर उन्हें दूर करने के लिए एक प्रभावी योजना बनाई जा सके। साथ ही जनजातीय क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास करना है, जिसमें उनकी संस्कृति और विशिष्ट आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

देव ने कहा कि अक्सर योजनाओं का कार्यान्वयन शहरों में बेहतर होता है, लेकिन आदि कर्मयोगी अभियान यह सुनिश्चित करेगा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी इनका क्रियान्वयन उच्च स्तर का हो। उन्होंने सभी मास्टर ट्रेनरों से इस विकास प्रक्रिया में महत्वपूर्ण योगदान देने का आग्रह किया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन ने प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में कहा कि विकास कार्यों को करते समय आदिवासी क्षेत्रों की सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखना महत्वपूर्ण है। उन्होंने जोर देकर कहा कि विकास वहां की वास्तविक जरूरतों के हिसाब से होगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बेवरेज कॉरपोरेश के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, एमआईसी के सदस्य और अन्य जनप्रतिनिधिगण, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त गणेश शोरी सहित जनप्रतिनिधिगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी सहित प्रशिक्षु उपस्थित थे। बस्तर जिले में सेवा पर्व और आदि कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 377 ग्रामों का चयन किया गया है।

### ब्लाक स्तरीय मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण प्रारम्भ

#### योजनाओं का लाभ हर ग्रामीण तक पहुंचे

देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष मंशा के साथ इस अभियान की शुरुआत की है। जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने इस अभियान को पूरे देश में लागू करने की जिम्मेदारी ली है। इस प्रशिक्षण का मुख्य लक्ष्य जनजातीय क्षेत्र के विकास के लिए एक प्रभावी रोडमैप तैयार करना है। अभियान के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सरकार की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ जनजातीय बहुल क्षेत्रों में रहने वाले हर ग्रामीण तक पहुंचे।



**चयनित ग्राम** जगदलपुर 55 ग्राम, बस्तर 78 ग्राम, बकावण्ड 75 ग्राम, दरभा 40 ग्राम, तोकापाल 67 ग्राम, बास्तानार 23 ग्राम, लोहण्डीगुड़ा 39 ग्राम।

### 4 मंजिला बिल्डिंग के सभी किराएदारों को कंराया गया खाली

# बिश्वास बिल्डिंग के रात 10 बजे 8 फीट नीचे धसकने से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महापौर के गृह वार्ड डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी में 41 साल पहले बने 1984 की बिश्वास बिल्डिंग रात 10 बजे 8 फीट नीचे धसक गया। इस 4 मंजिला बिल्डिंग के गिरने की आशंका से आसपास रहने वालों में हड़कंप मच गया। महापौर संजय पाण्डेय, आयुक्त प्रवीण वर्मा समेत नगर निगम और एसडीआरएफ का दल मौके पर पहुंच गए । जहां घंटो तक भवन को किस तरह सुरक्षित धरासायी किया जाए इस पर मंत्रणा चलती रही। असल में भवन के बाजू से मात्र 5 फीट की गली है। इसलिए भवन को सावधानी से गिराने की कार्यवाही की जाएगी। महापौर ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि इस बिल्डिंग में रहने वाले सभी किराएदारों को खाली करा दिया गया है। हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता जनहानि को रोकना है। बिल्डिंग के समीप घनी बस्ती होने से ब्लास्टिंग से भवन को नहीं तोड़ा जा सकता। इसलिए भवन मालिक और ठेकेदार के बीच अनुबंध हुआ है जो 20 दिन में मेनुवली

भवन में तोड़ फोड़ कर पूरी तरह धरासायी करेंगे। इसमें मॉनिटरिंग नगर निगम और एसडीआएफ समेत सभी संबंधित विभागों की रहेगी।

बताया गया कि ऊपर मंजिल के सभी निर्माण 19 92 में सीमेंट जोड़ाई से किए गए थे । जबकि शुरूआत में 1984 में गारा से जोड़ाई का काम हुआ था। भवन की स्थिति को देखते हुए 6 किरायेदारों को 6 माह पूर्व ही खाली कर दिया गया था। मकान मालिक के चेतावनी के बाद भी केवल एक दंपति वहां रुके हुए थे जो घटना के ठीक पहले मकान बाहर निकले। उनका पूरा सामान पिछले 18 घंटो से जर्जर बिल्डिंग में ही पड़ा हुआ था जिसे एसडीआरएफ के जवानों ने बाद में निकालकर उनके सुपूर्द किया।

### आसपास घनी बस्ती होने से नहीं होगी ब्लास्टिंग



**खास बातें**

- नगर निगम और एसडीआरएफ की निगरानी में भवन धराशायी करने का काम करेगा ठेकेदार
- महापौर, आयुक्त समेत अधिकारी और जनप्रतिनिधि रात में और दिन में घंटो रहकर करते रहे मंत्रणा





#### बिल्डिंग की जद में आधा दर्जन से अधिक आवास

बिल्डिंग की जद में आधा दर्जन से अधिक आसपास के घरों के रहवासी आ रहे है। जिनके सामने यह समस्या है कि क्षतिग्रस्त बिलंडिग के धरासायी होते तक उनके आवास का जो नुकसान होगा उसकी भरपाई कैसे होगी। लोगों में मकान मालिक के लापरवाही को लेकर जमकर नाराजगी दिखी। कल रात से ही बिजली विभाग का अमला मौके पर पहुंचा हुआ है और ऐहतियातन क्षेत्र की बिजली गुल कर दी गई है। आज शाम को वार्ड वासियों की परेशानी को देखते विद्युत व्यवस्था बहाल की गई।

## बाईक से नाबालिग छात्र भर रहे फर्राटे यातायात पुलिस ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बिना ड्राइविंग लायसेंस के नाबालिग छात्र-छात्राओं द्वारा दुपिहया वाहनों में फर्राटे भरने की लगातार शिकायत के बाद यातायात पुलिस के अधिकारी अमले के साथ शहर के निर्मल विद्यालय के करीब पहुंचकर

- पालकों को बुलाकर दी गई समझाईश, चालानी कार्रवाई के बाद छोड़ा

ऐसे दर्जन भर से अधिक नाबालिग बच्चों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। बच्चों के पालकों को थाने में बुलाकर समझाईश दी गइ्र और उन्हें नाबालिगों को वाहन नहीं देने कहा गया। लगातार हो रहे सड़क हादसों व शिकायत के बाद एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर एएसपी महेश्वर नाग के मार्गदर्शन में डीएसपी संतोष जैन के नेतृत्व में नाबालिगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। यातायात विभाग के एएसआई यतेंद्र देवांगन, सुखदेव बघेल एवं यातायात स्टॉफ द्वारा शहर के निर्मल विद्यालय के सामने ऐसे स्कूली छात्र छात्राओं की जांच की गई। जांच में पाया गया कि विद्यार्थियों के पास ना तो ड्राईविंग लाइसेंस था और न ही उन्हें यातायात नियमों की जानकारी थी। डीएसपी संतोष जैन व यातायात प्रभारी मधुसूदन नाग ने बताया कि शहर में प्रायः देखने में आ रहा था कि स्कूली छात्र छात्राएं मोटर सायकल का उपयोग कर तेज गति से बिना लायसेंस स्कूल आना जाना कर रहे थे जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए ऐसे छात्र छात्राएं जो बिना लायसेंस के मोटर सायकल व स्कूटी का इस्तेमाल कर स्कूल आने जाने में उपयोग करते हैं। कार्रवाई के दौरान बच्चों के पालकों को बुलाकर आवश्यक समझाइश दिया गया। जांच के दौरान कुल 13 छात्राएं बिना लायसेंस मोटर सायकल चलाते पाए गए। जिसके बाद इनके पालकों को बुलाकर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए आवश्यक समझाइश दिया गया।

# छात्रावास में निकले कोबरा सांप से दहशत, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के किलेपाल स्थित कन्या छात्रावास में छात्राओं ने बुधवार को दिन में गणपति की स्थापना की। पूजा करने के बाद रात में ही लगभग 11.30 बजे गणपति प्रतिमा के पास ही सर्प देखा, जिससे

- सर्प मित्र ने रात में ही रेस्क्यू कर कोबरा को पकड़ने के बाद सुरक्षित स्थान पर छोड़ा

देखकर छात्राओं में हड़कंप मच गया, जिससे छात्राएं दहशत रही। इसकी सूचना छात्राओं ने अधीक्षक को दी और अधीक्षक ने वन विभाग को जानकारी दी। इस पर रात को ही लगभग 12 बजे वन विभाग के बास्तानार सहायक परिक्षेत्र अधिकारी राम दास बघेल एवं सर्प मित्र हेमलाल मांझी छात्रावास पहुंचे। जहां उन्होंने देखा की गणपति प्रतिमा के पास कोबरा सर्प बैठा था, जिससे सर्प मित्र ने रेस्क्यू किया, जिससे सावधानीपूर्वक सांप को सुरक्षित तरीके से पकड़ा और कोबरा को सुरक्षित स्थान में छोड़ा। उसके बाद छात्राओं ने राहत की सांस ली।



#### छात्रावास में अफरा- तफरी

सर्प देखकर छात्रावास की छात्राएं और कर्मचारी मौके पर पहुंचे, कुछ ही पलों में छात्रावास में दहशत का माहौल बन गया। छात्राएं डर के कारण अपने कमरों से बाहर निकल आईं और अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद छात्राएं काफी देर तक डरी-सहमी रहीं, इस पूरी घटना ने छात्राओं के बीच भय का माहौल बना दिया था।

#### वन विभाग को सूचना दें

वन विभाग उप मंडलाधिकारी चित्रकोट योगेश कुमार रात्रे ने बताया कि बारिश के मौसम में सांप और अन्य जीव-जंतु परिसर में घुस आते हैं। इसलिए जीव जंतु मिलने से वन विभाग को सूचना दें, जिससे बचाव सकें। किलेपाल कन्या छात्रावास में मिले सर्प को रेस्क्यू कर सर्प का सुरक्षित निकाला और सुरक्षित स्थान में छोड़ा गया।

## प्रशासन ने बाढ़ से जनहानि पर तत्काल उपलब्ध करवाया 25 हजार



**जगदलपुर।** दो दिन जिले में हुई लगातार बारिश के कारण जनहानि की सूचना पर कलेक्टर श्री हरिस एस के मार्गदर्शन में तोकापाल एसडीएम शंकर सिन्हा द्वारा तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। ज्ञात हो कि सोमवार की रात्रि में बास्तानार अंतर्गत ग्राम सावगेल निवासी माहरु की अतिवृष्टि से मकान के गिरने से दबकर निधन होने पर मृतक के निकटतम वारिस पत्नी चैती को 25 हजार रुपए तात्कालिक आर्थिक सहायता उनके घर जाकर दी गई। जिला प्रशासन द्वारा उक्त तात्कालिक सहायता प्रदान करने सहित राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत आर्थिक सहायता देने हेतु प्रकरण तैयार किया गया है, जिसकी स्वीकृति के अनुरूप आर्थिक सहायता दी जाएगी।

## बारिश से प्रभावित लोगों को सरपंच ने बांटा राशन सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोहण्डीगुड़ा ब्लाक के ग्राम पंचायत गढ़िया के सरपंच भरत कश्यप अपने पंचायत क्षेत्र के वर्षा प्रभावित परिवारों को लगातार मदद कर रहे हैं। वे गांव में घूम घूम कर

- युवा सरपंच की सक्रियता से ग्रामीणों को मिल रहा लाभ

जल भराव को लेकर उसके निकासी एवं अन्य समस्याओं के साथ बारिश से प्रभावित परिवारों के जरूरतों की खबर ले रहे हैं। आज उन्होंने बारिश से गिरे कच्चे आवास के पीड़ति परिवारों के बीच पहुंचे एवं उन्हें राहत सामग्री का वितरण



किया। प्रभावित परिवारों की दैनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए राशन खाद्य सामग्री चावल ,दाल एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं प्रदान की गईं। सरपंच ने कहा कि इस कठिन समय में मैं सबके साथ हूं हम मिलकर समस्याओं का मुकाबला कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुश्किल समय में पंचायत के लोग जिस तरह धैर्य और हिम्मत से काम ले रहे हैं यह प्रशंसनीय हैं, मेरे लिए यह केवल सेवा का कार्य नहीं,बल्कि मानवता और कर्तव्य का पालन है।

## दो परिवार के 8 सदस्यों ने की घर वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के ग्राम अलनार में कचरा पाठी परगना के घर वापसी अभियान से प्रेरित होकर 2 परिवारों के आठ सदस्यों ने सनातन रीति नीति से घर वापसी की। घर वापसी दो परिवारों से घासीराम कुमार, कलावती कुमार, कमल कुमार, विमल कुमार, सुनील कुमार, फूल



कुमार, संगीता कुमार, आहान कुमार ने की। इस दौरान कचरा पाठी परगना संरक्षक प्रेम चालकी, अध्यक्ष धनुर्जय बघेल, उपाध्यक्ष पीला राम नाग, मुख्य नाईक धबलू राम, मदन राम, सुरेंद्र कुमार, लक्ष्मण, लुदर, भोला, लोकनाथ, राजू, हेमधर, देवनाथ, सदाराम, रामू किशन, मिनो चालकी, सुदेश,ग्राम के वरिष्ठ कनिष्ठ जन उपस्तिथ थे।




# ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वन मंत्री केदार कश्यप ने आज बस्तर विकासखंड के ग्राम सुधापाल में आयोजित एक कार्यक्रम में 3 करोड़ 74 लाख रूपए के 6 विभिन्न विकास

- सुधापाल में वनमंत्री ने किया 3 करोड़ 74 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन





कार्यों का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन किए गए कार्यों में सुधापाल और आसपास के गांवों में होने वाले विभिन्न निर्माण कार्य शामिल हैं। इनमें लोक निर्माण विभाग के तहत पाथरी से सुधापाल मार्ग पर पुल-पुलिया सहित 2.55 किमी सड़क का निर्माण भी शामिल है, जिसकी लागत 2 करोड़ 87 लाख रूपए हैं। इसके अलावा डीएमएफ मद से 3 लाख 30 हजार रूपए की लागत से आमाडोंगरीपारा स्कूल मार्ग में बलियाराम मंडावी के घर के पास डेढ़ मीटर पुलिया निर्माण, 21 लाख 59 हजार रूपए की लागत से नारायणपाल में उच्च प्राथमिक शाला का नवीन भवन, 21 लाख 59 हजार रूपए की लागत से गुनपुर में उच्च प्राथमिक शाला के नवीन भवन का निर्माण, 20 लाख 30 हजार रूपए की लागत से जाटनापाल में प्राथमिक शाला के नवीन भवन और 20 लाख 30 हजार रूपए की लागत से रतेंगा में प्राथमिक शाला के नवीन भवन का निर्माण शामिल है।

केदार ने कहा कि ये विकास कार्य क्षेत्र के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज बस्तर के इस पवित्र भूमि पर 3 करोड़ 74 लाख रूपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। यह सिर्फ एक भूमिपूजन नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास और जन-कल्याण के प्रति हमारी सरकार की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। हमारा मुख्य लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले हर व्यक्ति के जीवन को बेहतर बनाना है। यह पुल और सड़क का निर्माण न केवल परिवहन को सुगम बनाएगा, बल्कि किसानों और व्यापारियों को भी अपनी उपज मंडियों तक आसानी से पहुंचाने में मदद करेगा।

उन्होंने कहा कि इसके साथ ही विभिन्न स्कूलों में नए भवनों का निर्माण हमारे बच्चों के भविष्य में किया गया निवेश है। अच्छी शिक्षा ही किसी भी समाज की प्रगति का आधार होती है और हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारे बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिले। ये भवन हमारे बच्चों को ज्ञान की रोशनी से जोड़ने का काम करेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान, जनपद पंचायत सदस्य गौरव कश्यप सहित जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण उपस्थित थे।

#### विकास कार्यों को सफल बनाने सभी का सहयोग जरूरी

मंत्री ने स्थानीय जनता से अपील करते हुए कहा इन विकास कार्यों को सफल बनाने में आप सभी का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह परियोजनाएं सिर्फ सरकार की नहीं, बल्कि आप सभी की हैं। हम सब मिलकर सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को साकार करेंगे। मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि हमारी सरकार आपकी हर समस्या को प्राथमिकता से सुनेगी और उसका समाधान करेगी। उन्होंने अंत में सभी उपस्थित लोगों, विशेषकर अधिकारियों और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया, जिन्होंने इन परियोजनाओं को वास्तविकता में बदलने में अथक प्रयास किए।

